गुरु नानक कॉलेज धनबाद के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई **1&2** द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया।

आज दिनांक 25 जनवरी 2022 को गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 & 2 के द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं छात्रों द्वारा मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।। इस कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन कॉलेज के प्राचार्य, डॉ$_0$ संजय प्रसाद द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन गुरुनानक कॉलेज के रुसा सेमिनार हॉल में दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ एवं गूगल मीटिंग एप के माध्यम से प्रसारित हुआ, जिसमें 115 से अधिक संख्या में विद्यार्थियों एवं अन्य की उपस्थिति रही। सर्वप्रथम कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य ने मतदाता दिवस की बधाई देते हुए कहा की मतदान करना प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है।समाज के विकास के लिए तथा ससक्त सरकार बनाने के लिए मतदान आवश्यक है। कार्यक्रम में औपचारिक रूप से मतदान करने के लिए सभी शिक्षक एवं छात्रों द्वारा शपथ ग्रहण किया गया।

इस कार्यक्रम में मंच संचालन NSS इकाई (2) के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. मीना मलखंडी के द्वारा किया गया तथा संविधान के महत्व को बताते हुए मतदाता दिवस की प्रासंगिकता का परिचय दिया। ऑनलाइन कार्यक्रम का तकनिकी संचालन NSS के पदाधिकारी प्रो. दीपक कुमार एवं स्वयंसेवकों की टीम द्वारा सफल हुआ।इस अवसर पर कॉलेज के भूदा कैंपस के प्रो इंचार्ज प्रो. अमरजीत सिंह डॉ . गोपाल कुमार शांडिल्य ,प्रो संजय सिन्हा, प्रो. दलजीत सिंह प्रो. स्नेहल गोस्वामी,प्रो.अभिषेक सिन्हा, प्रो सोनू प्रसाद यादव, समेत अन्य कई शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थें कार्यक्रम का संचालन NSS कार्यक्रम पदाधिकारी (1)प्रो दीपक कुमार एवं (2)डॉ मिना मालखण्डी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।